प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक– 15.04.2025

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–**

  दिनांक 15.04.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री प्रशान्त गिरि मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त आशू उर्फ आस मौहम्मद पुत्र अमीरूद्दीन निवासी मल्हुपुरा थाना सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर को माल रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियक्त के कब्जे से 01 चाकू नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 96/2025 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 15.04.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री विकास कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 175/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 1. सुमित श्रीवास्तव पुत्र जगदीश व 2. रजत श्रीवास्तव पुत्र जगदीश निवासीगण शनिदेव मन्दिर के पास रामपुरी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को उनके मसकनों से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना सिखेडा पुलिस द्वारा 01 वांछित हत्याभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 15.04.2025 को प्र0नि0 श्री विनोद कुमार सिंह थाना सिखेडा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 45/2025 धारा 103(1),238ए बीएनएस में वांछित अभियुक्त भंवर सिंह पुत्र स्व0 कवल सिंह निवासी ग्राम दौलतपुर थाना सिखेडा, मुजफ्फरनगर को मीरापुर मुजफ्फरनगर हाईवे पर बहादरपुर कट के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे व निशांदेही से मृतका के 02 कुण्डल पीली धातु, 01 दराती व अभियुक्त के कपडे(कुर्ता व लोवर) बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिखेडा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।